an>

Title: Regarding inclusion of 'HO' language (Jharkhand Region) in the Eighth Schedule to the Constitution.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया है। मैं झारखंड राज्य के कोलहान सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र से आता हूं। इस क्षेत्र में 'हो' भाÂषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के बारे में हमेशा से चिर-परिचित मांग रही है। झारखंड राज्य के अलावा ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम एवं बिहार आदि राज्यों में 'हो' भाषा का प्रयोग बोलचाल एवं पठन-पाठन में किया जाता है। सभी राज्यों में लगभग 25 लाख से ज्यादा लोग इस भाÂषा का प्रयोग करते हैं।

आठवीं अनुसूची में हो भाÂषा के शामिल होने से हो समाज के सामाजिक उत्थान के साथ -साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी और अन्य राजभाÂ◌ा◌ाओं के साथ हो भाÂषा भी संपर्क भाÂषा का काम करेगा। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से पुरजोर तरीके से मांग करता हूं कि सिंहभूम लोक सभा आदिवासी बहुल क्षेत्र है, यह हमेशा से मांग रहा है कि हो भाÂषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। यही मैं आपसे निवेदन करता हूं, आपको धन्यवाद और जोहार।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री लक्ष्मण गिलुवा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।